राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–211/2023

ट्रांसजेन्डर हमारे समाज के अंग हैं –राज्यपाल

पटना, 26 जुलाई 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सतरंगी दोस्ताना रेस्ट्रो, पटना में 'दोस्तानासफर' द्वारा आयोजित ''Inclusion of Transgender Person in Higher Education'' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रांसजेन्डर हमारे समाज के अंग हैं और उनकी समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी पूरे देश और समाज की है।

उन्होंने कहा कि हमारी कमियों के कारण ट्रांसजेन्डर समुदाय के बारे में समाज में भ्रामक अवधारणा है। इस समुदाय के लिए ट्रांसजेन्डर एक्ट एवं नियम बनाये गये हैं परन्तु इनके प्रति हमें अपनी सोच और मानसिकता बदलने की जरूरत है। भारतीय वाङ्गमय में सर्वजन के सुख की कामना की गई है और सर्वजन के तहत ट्रांसजेन्डर भी आते हैं। इनके भी अधिकार, समस्याएँ एवं भावनाएँ हैं।

राज्यपाल ने कहा कि ट्रांसजेन्डर हमारे समाज के अंग हैं। समाज का कोई अंग अविकसित रहने पर स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। इनकी समस्याओं के समाधान के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। ट्रांसजेन्डर को समानता का दर्जा देने से उनकी समस्याओं का समाधान हो सकता है। राज्यपाल ने कहा कि वह उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे तथा कुलाधिपति होने के नाते राज्य के विश्वविद्यालयों में उनकी समानता सुनिश्चित कराने तथा अन्य विद्यार्थियों की तरह सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों से ट्रांसजेन्डर से जुड़े मुद्दों को समाज के सामने लाने को कहा।

इस अवसर पर माननीय विधान पार्षद प्रो० राम बचन राय, दोस्तानासफर की सचिव रेशमा प्रसाद एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....